<u>रजिस्टर्ड</u>


राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
"वित भवन" जनपथ, जयपुर
(दूरभाष नम्बर 0141–2740735 फैक्स नम्बर– 0141–2742309)


क्रमांक एफ.3 (ख) (1) परीक्षा–2011 / अलेसे– II / 18831–40 दिनांक :–5 फरवरी 2014

श्री सुनिल कुमार जैन पुत्र श्री सूरजमल जैन,
वीपीओ नगर फोर्ट, तहसील देवली
वाया उनियारा जिला टोंक –304024
(मेरिट क्रमांक 255 / 2011)

विषयः– लेखाकार पद पर कार्यग्रहण करने के सम्बन्ध में नोटिस।
प्रसंगः– निदेशालय का पत्रांक 321 / 2013–14 दिनाक 13.12.2013

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित लेखाकार (संयुक्त प्रतियोगी) सीधी भर्ती परीक्षा 2011 में सफल घोषित किए जाने एवं आयोग की अनुशंषानुसार चयनित सूची विभाग में प्राप्त होने के उपरान्त पुलिस वेरीफिकेशन की कार्यवाही पूर्ण होने एवं आवश्यक प्रमाण–पत्र विभाग में उपलब्ध कराने के उपरान्त विभागीय आदेश क्रमांक 321 / 2013–14 दिनाक 13.12.2013 द्वारा आपको लेखाकार पद पर नियुक्ति प्रदान की जाकर कोषाधिकारी, कोषालय प्रतापगढ में पदस्थापन के आदेश जारी कर दिनाक 31 दिसम्बर 2013 तक कार्यग्रहण करने के आदेश जारी किए गए थे, किन्तु विभागीय आदेशों की अनुपालना मे आपके द्वारा लेखाकार पद पर कार्यग्रहण नहीं किया गया।

आपको अतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है दिनांक 20 फरवरी 2014 तक आवश्यक रूप से उपस्थित होकर कोषालय प्रतापगढ़ मे कार्यग्रहण कर विभाग को अवगत करावे। उक्त दिवस तक अपने पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण नही करने की स्थिति मे आपके लेखाकार पद पर किए गए नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त समझे जावेगें।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांक एफ.3 (ख) (1) परीक्षा–2011 / अलेसे– II / 18831–40 दिनांक :–5 फरवरी 2014

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. शासन सचिव, वित्त(राजस्व) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. कोषाधिकारी, कोषालय प्रतापगढ को प्रेषित कर लेख है कि सम्बन्धित अभ्यार्थी द्वारा आपके कार्यालय में उपस्थिति देते समय राजस्थान सेवा नियमो के नियम 10 के अनुसार निर्धारित स्वास्थ्य परीक्षा प्रमाण पत्र जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा अथवा उच्च पद के चिकित्सा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात् ही उपस्थिति स्वीकार की जावे तथा कार्यग्रहण रिपोर्ट इस विभाग को भिजवाने की व्यवस्था करावे।
4. श्री सुनिल कुमार जैन पुत्र श्री सूरजमल जैन, वीपीओ नगर फोर्ट, <u>तहसील देवली वाया उनियारा जिला टोंक</u> पिन 304024 (मेरिट क्रमाक 255 / 2011) को प्रेषित कर निर्देश दिये जाते है कि वे दिनाक 20 फरवरी 2014 तक विभागीय आदेशो की अनुपालना मे निर्धारित नियुक्ति / पदस्थापन स्थान पर कार्यारम्भ कर कार्यारम्भ रिपोर्ट सम्बन्धित विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से भिजवाया जाना सुनिश्चित करे ।
5. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर अनुभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने तथा पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
6. निजी सहायक, निदेशक महोदया।
7. गोपनीय शाखा।
8. रक्षित / निजी पत्रावली।

(के. एम. मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)